Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com
तृतीय चन्द्रघंटा

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:06 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 6:02 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

पिण्डजप्रवरारूढा
चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं
चन्द्रघण्टेति विश्रुता।।



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 90 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 24 सितम्बर 2025
नवरात्रि के तीसरे दिन...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### नैनीताल की माल रोड पर रोकथाम कार्य शुरू नहीं

**नैनीताल ।** नैनीताल की लोअर मालरोड में धंसाव की रोकथाम को लेकर बीते दिनों सड़क में यातायात बंद करने के बाद लोनिवि ने 22 सितंबर से रोकथाम कार्य शुरू करने के दावा किया था लेकिन अब तक कार्य शुरू होना तो दूर अनुबंधित संस्था की मशीनें तक शहर नहीं पहुंची। बता दें कि बीते 14 सितंबर को लोअर मालरोड के करीब 15 मीटर हिस्से में धंसाव हो गया था जिससे मालरोड में बड़ी दरार उभर आई थी। रात तक धंसाव बढ़ा तो सड़क पर यातायात रोक दिया गया। लोनिवि के अधिकारियों ने कहा था कि 22 सितंबर से पूर्व में प्रस्तावित प्रोजेक्ट के तहत रोकथाम कार्य शुरु करवा दिये जायेंगे। जिसके लिए मशीनें मंगा लेने की बात कही गई थी लेकिन तय समय बीतने के बाद भी सड़क की रोकथाम का कार्य शुरू नहीं हो सका है। जिससे लगातार धंस रही सड़क के पूरी तरह दरकने का खतरा बना हुआ है। मामले में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता टीआर टमटा के अनुसार मशीनें बुधवार (आज) तक पहुंच सकती हैं उसके बाद ही काम शुरू होगा।

### संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

**नैनीताल ।** जिले के ज्योलीकोट स्थित संत एंथोनी इंटर कॉलेज परिसर में संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित करके किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि क्षेत्र पंचायत सदस्य संदीप गोस्वामी, प्रधानाचार्य सिस्टर शोभा और अन्य वक्ताओं ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान ग्राम प्रधान नवल कुमार, हरगोविंद रावत, बीडीसी गीता जोशी, सांसद प्रतिनिधि पुष्कर जोशी,संकुल प्रभारी उमेश आर्य समेत निर्णायक देवेन्द्र जीना, राम सिंह जीना सहित संकुल के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक- शिक्षिकाएं व अभिभावक व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय राजमार्गों पर 203 भूस्खलन जोन चिह्नित किए

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

इस मानसून सीजन में कई जगहों पर नए भूस्खलन जोन बन गए। राष्ट्रीय राजमार्गों पर 203 भूस्खलन जोन चिह्नित किए गए हैं। यहां पर विशेषज्ञ संस्था की सलाह के बाद ट्रीटमेंट का खाका खींच गया, लेकिन इस बार जो नए जोन बने हैं, उन्होंने चुनौती और बढ़ा दी है।

प्रदेश में आपदा के चलते चुनौतियां बढ़ी हैं। राज्य के राष्ट्रीय राजमार्गों की बात करें तो इन पर एक-दो नहीं बल्कि दो सौ से अधिक भूस्खलन जोन चिह्नित हैं। इस बार मानसून में यमुनोत्री मार्ग पर सिलाई बैंड समेत



कई अन्य जगहों पर हुए भूस्खलन और भूकटाव के चलते नए जोन बन गए हैं। प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग के अधीन 3594 किमी सड़क हैं। इन मार्गों को चौड़ा कर सुगम और त्वरित आवागमन की सुविधा को बढ़ाने का प्रयास किया गया, लेकिन भूस्खलन, भूधंसाव और भूकटाव के चलते चुनौतियां बनी हुई हैं। इन राष्ट्रीय राजमार्गों पर 203 भूस्खलन जोन चिह्नित किए गए हैं। यहां पर विशेषज्ञ संस्था की सलाह के बाद ट्रीटमेंट का खाका खींच गया, लेकिन इस बार जो नए जोन बने हैं, उन्होंने चुनौती और बढ़ा दी है। राष्ट्रीय राजमार्ग के मुख्य अभियंता मुकेश परमार ने बताया कि भूस्खलन जोन पहले से थे, उनके अलावा नए स्थल बने हैं। इसमें यमुनोत्री मार्ग पर सिलाई बैंड, नारदचट्टी, फूलचट्टी में समस्या बनी हुई है। इसके अलावा बदरीनाथ मार्ग पर फरासू में कटाव हो रहा है। गुलर घाटी में भूस्खलन की दिक्कत हुई है। इन जगहों की स्थायी ट्रीटमेंट के लिए योजना बनाई जाएगी। वाडिया हिमालय भू- विज्ञान संस्थान के पूर्व वैज्ञानिक डीपी डोभाल ने बताया कि सड़क बनाने के समय पहाड़ों को काटने के समय स्लोप पर ध्यान नहीं दिया जाता है, जिससे उसका मलबा नीचे आता है। स्लोप प्रोटेक्शन का काम होना चाहिए। टनकपुर-पिथौरागढ़ मार्ग को फोरलेन किया गया है। पर यहां पर खासकर बरसात में होने वाले भूस्खलन के चलते मार्ग पर आवागमन प्रभावित होता रहा है। अभी तक राष्ट्रीय राजमार्ग केवल 27 का ट्रीटमेंट का पूरा कर सका है।सीमांत क्षेत्र को जाने वाले दो प्रमुख मार्ग हैं। इसमें देहरादून- पिथौरागढ़ और रानीबाग- अल्मोड़ा- पिथरौरागढ़ मार्ग है, जिसका इस्तेमाल लोग आवागमन के लिए करते हैं।

**बघेल ने बताया क्यों नहीं आईं सोनिया गांधी**

## कांग्रेस की बैठक में खरगे बोले- पीएम मोदी फेल हो गए

**नई दिल्ली**
**एजेंसी**

बिहार में पहली बार कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हो रही है। यह विस्तारित बैठक है, जिसमें राज्यों के कांग्रेसी सीएम, डिप्टी सीएम, प्रदेश अध्यक्ष भी मौजूद। कांग्रेस राहुल गांधी अकेले ही पटना पहुंचे। उनके साथ उनकी मां सोनिया गांधी और बहन प्रियंका गांधी पटना नहीं आईं।

सोनिया गांधी के नहीं आने के सवाल पर बघेल ने मल्लिकार्जुन खरगे के हवाले से कहा कि वह आना चाहती थीं, लेकिन तबीयत खराब होने के कारण वह नहीं आ पाईं। मुख्यमंत्री पद के चेहरे के सवाल पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस कमेटी की बैठक है। जब इंडिया गठबंधन की बैठक होगी तब मुख्यमंत्री पद के चेहरे पर बात होगी। इस बीच राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बैठक में क्या क्या बातें कही? उसे रखने के लिए छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने ह्ल सरकार पर जमकर




हमला बोला। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आर्थिक और विदेश नीति के मोर्चे पर पूरी तरह फेल हो गए हैं। जिस कारण देश के हालात काफी खबर हो गए हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने सीडब्लूसी बैठक में कहा कि हम ऐसे समय मिल रहे हैं जब भारत अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय, दोनों स्तरों पर बेहद चुनौतिपूर्ण दौर से गुजर रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो समस्याएं हैं, वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार की कूटनीतिक विफलता का नतीजा हैं। जिन दोस्तों पर प्रधानमंत्री मेरे दोस्त कहकर गर्व करते हैं, वही आज भारत को कई परेशानियों में डाल रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी आर्थिक और विदेश नीति के मामले के फेल हो गए। इसका खामियाजा जनता को भुगताना पड़ रहा है। खुद को कांग्रेसी कहने वाले पप्पू यादव ने एयरपोट पहुंच कर राहुल गांधी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि बिहार में कांग्रेस कार्यसमिति की ऐतिहासिक बैठक हो रही है, आज़ादी से पहले बिहार में देश को आज़ाद कराने के लिए कांग्रेस कार्यसमिति की बैठकें हुईं।

## भाजपा की प्रदेश कार्यशाला आज, मिशन 2027 में हैट्रिक को लेकर रणनीति पर होगी चर्चा

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

भाजपा की प्रदेश कार्यशाला में 2027 में मिशन हैट्रिक को लेकर रणनीति पर चर्चा होगी। राजधानी के कुआंवाला के एक निजी संस्थान में पार्टी की प्रदेश कार्यशाला होगी। इसमें राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष का मार्गदर्शन सभी को मिलेगा।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष की मौजूदगी में आज बुधवार को पार्टी की प्रदेश कार्यशाला होगी। इसमें प्रदेश प्रभारी, सह प्रभारी, मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष समेत समस्त नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारी, 2027 में मिशन हैट्रिक को लेकर कार्ययोजना पर चर्चा करेंगे।

प्रदेश मीडिया संयोजक मनवीर चौहान ने बताया कि बुधवार को राजधानी के कुआंवाला के एक निजी संस्थान में पार्टी की प्रदेश कार्यशाला होगी। इसमें राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष का मार्गदर्शन सभी को मिलेगा। एक दिवसीय कार्यशाला में प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, सह प्रभारी रेखा वर्मा, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार भी उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला का मुख्य एजेंडा




2027 में मिशन हैट्रिक और संगठन के बूथ स्तर तक मजबूती पर फोकस होगा। प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि कार्यशाला में सभी बूथों तक पार्टी को और अधिक मजबूत करने, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में एक नई जनप्रतिनिधियों की बड़ी टीम का बूथों पर उपयोग करने, संगठन के कार्यक्रमों से सरकार की उपलब्धियों को अधिक प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाने, संगठन का बूथ स्तर तक सभी प्रकोष्ठों और मोर्चों की इकाईयों का गठन करने का विषय प्रमुख होगा। कार्यशाला के साथ पदाधिकारियों की नई प्रदेश टीम, मिशन 2027 की तैयारियों में लग जाएगी। कार्यकर्ता, उत्तराखंड में पीएम मोदी के जन्मदिन को दैवीय आपदा सेवा पखवाड़े के रूप में मना रहे हैं। कहा कि जहां सरकार, जनता को राहत पहुंचाने के लिए रात दिन जुटी है वहीं हमारे कार्यकर्ता लोगों की सेवा कर रहे हैं।

## हल्द्वानी एमबीपीजी कॉलेज समर्थकों के साथ प्रत्याशीयों ने किया नामांकन

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं के सबसे बड़े महाविद्यालय एम बी महाविद्यालय में आज भारी भीड़ के बीच छात्र संघ के लिये नामांकन हुये। अध्यक्ष पद के लिये विद्यार्थी परिषद प्रत्याशी अभिषेक गोस्वामी और निर्दलीय कमल बोरा ने नामांकन किया और उसके बाद अपने सैकड़ो समर्थको के साथ नामांकन रैली निकाली।

एक अन्य प्रत्याशी अरशद ने भी नमस्कार किया। सचिव पद के लिये एकमात्र गौरव तिवारी ने नामांकन किया है। उपाध्यक्ष व अन्य पदों के लिये नामांकन प्रक्रिया जारी है।

**छात्र गुटों में तनातनी:** छात्र संघ चुनाव के समय छात्र गुटों में तनातनी देखने को मिलती है। चुनाव के वक्त कॉलेज शिक्षा का मंदिर नहीं नूरा कुश्ती का अखाड़ा बन जाता है। ऐसे में लिंगदोह कमेटी की धज्जियां उड़ाई जाती हैं। एमबीपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव चुनाव के दिन नजदीक आ रहे हैं माहौल उतना ही गरमाता जा रहा है। कॉलेज गेट के बाहर छात्रों के दो गुटों में झड़प हो गई। इस दौरान टैक्सी यूनियन से जुड़े कुछ बाहरी लोग भी छात्रों के बीच पहुंच गए और अराजकता फैलाने लगे। अचानक हुए हंगामे में धक्का-मुक्की और झड़प की स्थिति बन गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मोर्चा संभाला और हंगामा कर रहे कुछ छात्रों को पकड़कर सख्त सबक सिखाया।

## रुद्रपुर में पाइप के गोदाम में भीषण आग, लाखों का नुकसान की संभावना

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

कोतवाली रुद्रपुर में एक पाइप के गोदाम में भीषण आग गई । आग की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मी आग बुझाने में जुट गए। आग से लाखों का नुकसान होने की संभावना है।

जानकारी के मुताबिक रुद्रपुर की भूरारानी क्षेत्र में निर्मल पाइप के नाम से गोदाम है और बुधवार सुबह लगभग 5 बजे गोदाम से आग की चिंगारी निकलते देखा वहां पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसी बीच किसी ने आग की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। इस पर दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। गोदाम मालिक भी पहुंच गए। पाइप गोदाम में लगी आग से लाखों का नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा



है। बताया जा रहा है कि गोदाम के आस पास रह रहे लोगों में घरों में आग की लपटें पहुंचने का खतरा देख वह अपने घरों से बाहर आ गए। कई घरों में भी आग पहुंच गई। इससे रखा सामान का नुकसान हुआ है। आग का विकराल रूप देखते हुए फायर की टीम ने रुद्रपुर के अलावा किच्छा, पंतनगर और सिडकुल की निजी कंपनियों से भी फायर टैंकरों के मौके पर बुलाया है। मौके पर पहुंचे अग्निशमन अधिकारी ईशान कटारिया ने बताया फायर कर्मियों के द्वारा आग बझाने का काम किया जा रहा है आग लगने के कारणों की जांच भी की जाएगी और आग लगने से हुए नुकसान का आकलन भी किया जाएगा। इधर आस पास रह रहे लोगों को घर की तरफ आग की लपटें आता देख घरों से सामान निकालने जुट गए। समाजसेवी संजय ठुकराल भी पहुंचे। उन्होंने घरों से सामान निकालने में लोगों की मदद की।

**हड़कंप**

- आस पास रह रहे लोगों में मचा हड़कंप,घरों की ओर आग की लपटें आता देख लोग सामान निकालने में जुटे
- मौके पर पहुंचे दमकल कर्मी आग पर काबू पाने में जुटे, सुबह तड़के गोदाम से आग लपटें निकलते देखा था लोगों ने

# पेपर लीक मामले को लेकर धामी सरकार का फूंका पुतला

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल की ओर से मंगलवार को नैनीताल में उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा में पेपर लीक होने के विरोध में मल्लीताल स्थित पंत प्रतिमा के समीप धामी सरकार व यूकेएसएसएससी का पूतला फूंक कर धरना प्रदर्शन किया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल ने कहा कि धामी सरकार द्वारा भर्ती परीक्षाओं को पारदर्शी से कराने के लिए देश का सबसे सखत कानून बनाने के बाद भी उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा में पेपर लीक होने व इस परीक्षा से एक दिन पूर्व हाकम सिंह की गिरफतारी तथा प्रदेश के युवाओं के समय व पैसे की बर्बादी कर उनके भविष्य के साथ धामी सरकार द्वारा खिलवाड़ किया गया है इसके लिए यूकेएसएसएससी के अध्यक्ष को नैतिक जिममेदारी लेते हुए तुरंत इस्तीफ ा दे देना चाहिए था।

नगर अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल ने कहा कि नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल प्रदेश के उच्च न्यायालय से अनुरोध करती है कि वह इस महत्वपूर्ण परीक्षा के मामले का स्वत– संज्ञान लेकर अपनी निगरानी में इस परीक्षा में पेपर लीक कि जांच कर परीक्षा को रद्द कर पुन– अपनी निगरानी में परीक्षा करवा कर प्रदेश के युवाओं के लिए न्याय की मांग करती है। प्रदर्शन में नगर पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल समेत नगर महामंत्री कैलाश अधिकारी, नगर सचिव बंटू आर्या, सभासद जीनू पांडेय, जिलाध्यक्ष एनएसयूआई शार्दुल नेगी, नगर अध्यक्ष आयुष आर्या, राजेंद्र व्यास, राजेंद्र सिंह कोटलिया, प्रेम कुमार शर्मा, भुवन बिष्ट, मनोज भट्ट, सुरेश चंद्रा, मनमोहन कनवाल, पवन जाटव, प्रदेश महासचिव यूथ कांग्रेस संजय कुमार, ललित चनियाल, ललित सिंह बोरा,पूर्व छात्रसंघ उप सचिव गौरव कुमार, विमल बृजवासी, करन कुमार, संदीप चौहान, शुभम प्रसाद, हारुन खान तथा धीरज बिष्ट आदि शामिल रहे।



# नैनीताल के मां पाषाण देवी मंदिर में हुआ सुंदरकांड का पाठ

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनी महिला जागृति संस्था द्वारा संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को नगर के ठंडी सडक़ स्थित मां पाषाण देवी मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

बता दें इस मौके पर आपदा के इस दौर में प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि की कामना की गई। इस दौरान मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दीर्घायु तथा निरोगी एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। मामले में आयोजक सचिव हरीश सिंह राणा ने बताया कि मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के क्रम में पाषाण देवी मंदिर वाले भूस्खलन क्षेत्र में सुरक्षात्मक उपचार कार्य करने का काम पूर्ण हो चुका है,श्रद्धालु भी अब सुगमता पूर्वक ठंडी सडक़ में आवागमन कर पा रहे हैं। इस दौरान मंदिर के पुजारी आचार्य पंडित जगदीश चंद्र भट्ट समेत संस्था की अध्यक्ष मंजू रौतेला सहित अमिता साह, मीनू बुधलाकोटी, अरविंद सिंह पडियार, विक्रम राठौर, तनिष्क मेहरा तथा आयुष भंडारी, नंदा बल्लभ भट्ट तथा जया पालीवाल आदि उपस्थित रहे।

# चुनाव को लेकर छात्र नेताओं ने डीएसबी परिसर में निकाली रैली

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

छात्र संघ चुनाव की तिथि नजदीक आते देख इन दिनों डीएसबी परिसर में संभावित छात्र नेताओं की ओर से छात्र–छात्राओं को अपने पक्ष में करने के लिए रैलियां निकाली जा रही हैं।

मंगलवार को डीएसबी परिसर में छात्र संघ चुनाव को लेकर परिसर में अध्यक्ष प्रत्याशी करन सती ने परिवर्तन रैली निकाली। इसके साथ ही परिसर में सचिव प्रत्याशी आयुष आर्या और उपाध्यक्ष प्रत्याशी दिनेश चंद्रा ने भी परिसर में रैली को अयोजन किया। अध्यक्ष प्रत्याशी करन सती ने बताया की परिसर में आज तक कई बार छात्र संघ चुनाव हुए है लेकिन परिसर में कोई भी परिवर्तन नहीं हुआ है। वह चुनाव जीत कर परिसर की समस्याओं को दूर कर परिसर में परिवर्तन लाने का वादा करते हैए इसी लिए उन्होंने आपनी रैली का नाम भी परिवर्तन रैली रखा है। इस दौरान मोहित गोयल, विकास जोशी, शुभम बिष्ट, वैशाली, हिमेश कुमार, रोहन गोयल तथा सुनीता आदि मौजूद रहे।



## NEWS / फटाफट

### पेपर लीक जैसी संगीन घटना सरकारी तंत्र की विफलता



**नैनीताल** । जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने कहा कि बीते रविवार को यूकेएसएसएससी स्नातक स्तरीय परीक्षा पूरे राज्य के तेरह जिलों में बड़े जोर– शोर से शुरू तो हुई परंतु आधे घंटे में ही पेपर लीक होने की की खबरें सामने आने लगी। बिष्ट ने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि शासन की सुस्ती में बेरोजगारों को छला गया है बल्कि सच तो यह है कि कई वर्षों से सरकारी सेवाओं के लिए प्रयासरत युवा ठगे जा रहे हैं। अभयर्थी दिन रात मन लगाकर तैयारी करते हैं, कठिन परिस्थितियों में रहते हैं तथा आर्थिक दबाव झेलते हैं उसके बाद बड़ी मुश्किल से जब परीक्षा का समय आता है तो वह नकल के कारण निरस्त हो जाती है। यह राज्य सरकार के तंत्र की विफ लता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सरकार के कार्यकाल में अपराधी बेलगाम घूम रहे हैं। अलग–अलग तरह की श्रेणी के अपराध बढ़ते जा रहे हैं परंतु सरकार ने युवाओं को छल के अलावा कुछ नहीं दिया है। नकल गिरोह सक्रिय होने का हवाला देकर परीक्षा प्रभावित होने की वजह बताने वालों से पूछना यह है कि कानून और व्यवस्था की जिमेदारी तो सरकार की है फि र युवाओं को गुमराह करने वाले लोगों पर कठोर कार्रवाई कब होगी?

### कई शहरों में आज गुल रहेगी बिजली

**नैनीताल** । जिले के भीमताल विकास खंड के मेहरागांव उप केंद्र से जुड़े क्षेत्रों में बुधवार (आज) को पूर्वाह्न 11 बजे से लेकर शाम को तीन बजे तक बिजली गुल रहेगी। सब स्टेशन में 132 केबी लाइन में पिटकुल की ओर से मरममत कार्य किये जाने हैं। उर्जा निगम एसडीओ प्रयंक पांडे ने बताया कि इन दिनों उर्जा निगम व पिटकुल की ओर से लाइनों की मरम्मत कार्य किया जा रहा है। बुधवार (आज) को पिटकुल की ओर से मेहरागांव सब स्टेशन की 132 केबी लाइन में मरम्मत कार्य किया जाना है। जिसके चलते सब स्टेशन से जुड़े नैनीताल, भीमताल, भवाली, रामगढ़, मुक्तेश्वर, ओखलकांडा, पदमपुरी तथा बेतालघाट क्षेत्रों में दिन में 11 से तीन बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### नैनीताल में वाहन की टक्कर से बुजुर्ग चोटिल, भर्ती

**नैनीताल** । नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र के तहत रतन कॉटेज क्षेत्र में कार की चपेट में आने से राह चलता एक बुजुर्ग व्यक्ति चोटिल हो गया। चोटिल बुजर्ग को कार चालक ने ही बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उसे भर्ती कर उपचार दिया गया। जानकारी के अनुसार रतन कॉटेज निवासी देव राम (73) घर के समीप ही सडक़ पर टहल रहे थे। इस दौरान पीछे से आ रहे वाहन ने नियंत्रण खोया तो उन्हें टक्कर लग गई जिससे वह सडक़ पर गिरकर चोटिल हो गए। कार चालक ने लोगों की मदद से तत्काल उन्हें बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। जहां बुजुर्ग के सिर पर चोट होने के कारण भर्ती किया गया है। अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टमटा ने बताया कि बुजुर्ग को भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है।

### खाली भूमि पर विभिन्न प्रजातियों के पौंध लगाए



**नैनीताल**। नैनीताल वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंगवार के दिशा–निर्देशन में प्रभाग की मनोरा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा बंजर जमीन पर पौंध लगाकर हरियाली को बढ़ावा दे रहे हैं। महिला समूहों व जन प्रतिनिधियों के सहयोग से रेंज में खाली भूमि पर विभिन्न प्रजातियों के पौंध लगाए जा रहे हैं। वन क्षेत्राधिकारी मुकल शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत पहली नवरात्र से क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के पौंध रोपना शुरू कर दिया है। बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मुखय अतिथि विधायक सरिता आर्या व महिला समूह की पीआरपी शकुंतला नेगी ने की। जिनके साथ 25 समूहों की महिलाएं शामिल रही साथ क्षेत्र के जन प्रतिनिधि व सरपंच अभियान का हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में खाली भूमि में पौंध रोपने के साथ लोगों को पौंधों को बचाने की शपथ भी दिलाई गयी। बताया कि क्षेत्र में कचनार, मकौल, तुषारू, दुधिला आदि प्रजातियों के एक हजार पौधों का रोपण किया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक– श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक– साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946–224556
फैक्स:05946–283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# मूट कोर्ट के माध्यम से कानून के छात्रों को दी गयी कई जानकारियां

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

फोरोसिक विभाग तथा डॉ0. राजेन्द्र प्रसाद विधि संस्थान डीएसबी परिसर कुमाऊ विश्वविद्यालय नैनीताल के संयुक्त तत्वावधान में फ ोरेसिक सप्ताह आयोजित किया गया। इस मौके पर मूट कोर्ट के माध्यम से कानून के छात्रों को वास्मृविक अदालती कार्यवाही का अनुभव प्रदान कराना है जिससे वे अपने कानूनी तर्क व अनुसंधान तथा लिखित और मौखिक वकालत कौशल विकसित कर सकें तथा अदालती शिष्टाचार सीख सकें और आत्मविश्वास प्राप्त कर सकें।

यह नकली अदालती सुनवाई होती है जहाँ छात्र काल्पनिक मामलों पर बहस करते हैं ताकि वे पेशेवर वकील बनने के लिए आवश्यक व्यावहारिक कौशल प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता मूट कोर्ट समनव्यक डॉ सागर सिंह पाटनी द्वारा की गयी। कार्यक्रम का संचालन डॉ राशि मिगलानी द्वारा किया गया। मूट कोर्ट द्वारा मूट विचारण में फोरिसिंक विशेषज्ञों की भूमिका के महत्व को प्रदर्शीत उजागर किया गया। विधि विभाग की ओर से अभियोजन यशिता करगेती, जया बहुगुणा तथा प्रतिरक्षा की ओर से नीधि हरिडिया तथा कशिश पाण्डेय, पूजाए हिमाशु के साथ फोरोसिक विशेषज्ञों में अतुल रावत, आकाश सिंह, सुबे सैनी, सलौनी बोरा, मुस्कान, सताक्षी शर्मा, सोनी महर विशेषज्ञ के रूप मे थे तथा दोनों विभाग के सभी छात्र.छात्राओं की उपस्थिति रही जबकि न्यायाधीश के रूप में विभागाध्यक्ष डॉ सुरेश चन्द्र पाण्डेय तथा मुखय अतिथि के रूप में प्रो. संजय पंत (डीएसडबलू) तथा विशिष्ट अतिथि प्रो0. ललित तिवारी तथा डॉ0 महेंद्र सिंह राना (डीन फैकल्ट्री बायो मेडिकल साइन्स) अतिथि तथा विभाग की फैकल्ट्री डॉ. नगमा, डॉ एम.एस.गुसाई, डॉ वी.के.रंजन, डॉ. कविता, डॉ शशि प्रभा उपस्थित रहे।

# कुविवि के भीमताल परिसर में खुला यूओयू का स्टडी सेंटर

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



कुमाऊं विश्वविद्यालय द्वारा भीमताल परिसर में मंगलवार को उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) का नया स्टडी सेंटर शुरू किया गया है। इस पहल का उद्देश्य पहाड़ी क्षेत्रों के छात्रों को शिक्षा के अधिक अवसर प्रदान करना हैए ताकि उन्हें हल्द्वानी या अन्य शहरों तक जाने की आवश्यकता न पड़े।

कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में आयोजित समारोह में कुमाऊँ विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत व उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी की उपस्थिति में दोनों विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों द्वारा समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने इस अवसर पर कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रतिपादित रिसोर्स शेयरिंग के सिद्धांत का एक उदाहरण है जिससे दोनों विश्वविद्यालयों को लाभ होगा। यह लाभ की स्थिति छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए होगी जहाँ वे एक.दूसरे से सीख सकेंगे और संसाधनों का साझा उपयोग कर सकेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय के भीमताल परिसर में अब छात्र पारंपरिक कोर्सेज का भी अध्ययन कर सकेंगे कयोंकि पहले यह कैंपस केवल प्रोफेशनल कोर्सेज के लिए जाना जाता था। इस स्टडी सेंटर के माध्यम से छात्रों को स्थानीय स्तर पर शिक्षा की सुविधा प्राप्त होगी और उनकी सामाजिक एवं शैक्षणिक पहुँच बेहतर होगी।

इस केंद्र का समन्वयक प्रो॰ अमित जोशी को बनाया गया है। इस अवसर पर कुमाऊँ विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. एम.एस. मंद्रवाल समेत प्रो. ललित तिवारी, प्रो. अमित जोशी और डॉ॰ ऋषेंद्र उपस्थित रहे जबकि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव खेमराज भट्ट समेत प्रो. गिरिजा पांडे, डॉ. रेखा बिष्ट अतिरिक्त क्षेत्रीय निदेशक भी उपस्थित रहे।

# अभिमत

## खतरे का पूर्वाभास

*निरंकुशता के कारण सोशल मीडिया का दुरुपयोग हो रहा है। नेपाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगने पर युवाओं ने विद्रोह कर दिया। हिंसा में अनेक लोगों की मौत हो गई। हालांकि यह नेपाल का अंदरूनी मामला है, लेकिन पड़ोसी होने की वजह से नेपाल की अस्थिरता का असर भारत पर जरूर पड़ता है। सोशल मीडिया पर विश्व के कई देशों में प्रतिबंध लगा। कुछ देश सख्ती बरतने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में नेपाल की घटना भारत के लिए खतरे का पूर्वाभास है।*

संवाद, सम्पर्क और विचारों के प्रसार के लिए माध्यम की आवश्यकता होती है। समाचार पत्र, रेडियो और टेलीविजन जनसम्पर्क के प्रभावी माध्यम रहे हैं। वर्तमान में अभिव्यक्ति के लिए दुनियाभर में सोशल मीडिया सर्वाधिक प्रभावी माध्यम हो गया है। निरंकुशता के कारण सोशल मीडिया का दुरुपयोग हो रहा है। नेपाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगने पर युवाओं ने विद्रोह कर दिया। हिंसा में अनेक लोगों की मौत हो गई। हालांकि यह नेपाल का अंदरूनी मामला है, लेकिन पड़ोसी होने की वजह से नेपाल की अस्थिरता का असर भारत पर जरूर पड़ता है। सोशल मीडिया पर विश्व के कई देशों में प्रतिबंध लगा। कुछ देश सख्ती बरतने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में नेपाल की घटना भारत के लिए खतरे का पूर्वाभास है। दरअसल नेपाल में राजशाही के बाद लोकतंत्र का उदय हुआ। पिछले दो दशक से लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था स्थिर नहीं रही। चीन के हस्तक्षेप से नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता के साथ ही आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। नेताओं के भ्रष्टाचार से युवाओं में आक्रोश है। युवाओं ने गुस्सा और विरोध के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म का सहारा लिया। भ्रष्टाचार को उजागर किया। सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया। बेरोजगारी और आर्थिक तंगी से परेशान युवा सड़कों पर उतर आये। नेपाल के लिए भारत की सीमा खुली हुई है। नेपाल के करीब 20 प्रतिशत लोगों को भारत में रोजगार मिला है। हिंसा भड़कने के बाद भारत ने सीमा पर चौकसी बढ़ा दी। अब बेलगाम सोशल मीडिया सिर्फ नेपाल की समस्या नहीं है। दुनिया की महाशक्ति अमेरिका में सोशल मीडिया पर निर्धारित उम्र के बच्चों के लिए उपयोग को नियंत्रित करने के लिए कानून बनाए जा रहे हैं। आस्ट्रेलिया में युवाओं के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर कानून बनाया गया है। फ्रांस में 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर बिना माता-पिता की अनुमति के खाता बनाने पर प्रतिबंध है। चीन, ईरान, बांग्लादेश, श्रीलंका, उत्तर कोरिया आदि करीब दर्जनभर देशों में सोशल मीडिया प्लेटफार्म के इस्तेमाल पर पाबंदी है। भारत में सरकार बेखबर है। जम्मू-कश्मीर, मणिपुर, पश्चिम बंगाल आदि में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने पर कुछ समय के लिए इंटरनेट सेवा बंद की गई, जबकि सोशल मीडिया पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कानून की जरूरत है। सरकार को प्राथमिकता के आधार पर सोशल मीडिया को नियंत्रित करना होगा।

# रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**





श्री रामलीला मंचन में राम राज्याभिषेक घोषणा, दशरथ कैकयी संवाद, श्रीराम वन गमन का मंचन व्यास जी ने करवाया। व्यास जी कहते हैं कि कैकयी ने अपनी दासी मंथरा के उकसाने पर राजा दशरथ से अपने दिए हुए दो वरदान मांगे।

पहले वरदान में उन्होंने अपने पुत्र भरत को अयोध्या का राजसिंहासन और दूसरे में राम के लिए चौदह वर्ष का वनवास माँगा। राजा दशरथ इस बात से बहुत दुखी हुए और कैकयी से मना करने की कोशिश की, लेकिन कैकयी ने अपने वचन पर अडिग रहकर भरत के राज्याभिषेक और राम के वनवास की माँग की। जिसे दशरथ ने अपने कुल की मर्यादा रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाएं पर वचन जाई के कारण स्वीकार कर लिया।

वन जाने की बात पर सीता ने राम से कहा कि वह उनके बिना स्वर्ग में भी सुख नहीं पा सकतीं और उनके साथ वन जाकर ही उन्हें सुख मिलेगा, क्योंकि जहाँ राम हैं, वहीं उनका सुख और अयोध्या है। उन्होंने पति के साथ वन की विपरीत परिस्थितियों में सहभागिता करना अपना धर्म बताया और इस दुख की घड़ी में पति का साथ देने की अपनी इच्छा व्यक्त की। लक्ष्मण जी ने भ्राता राम से असीम प्रेम के कारण वनवासी वस्त्र धारण कर लिये और वन को चल पड़े। संचालन समिति से प्रेम गुप्ता, एन बी गुणवंत ,बिंदेश गुप्ता अतुल अग्रवाल,अरुण अग्रवाल मनोज गुप्ता , बसंत अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया।

लीला में व्यास पूजन राकेश गर्ग, बसंत अग्रवाल , अशोक वार्ष्णेय ने किया। लीला में लाइनस क्लब प्रयास, जैसवाल समाज ने सेवा दी. रामलीला में सूर्यांश गुप्ता, हितेश शर्मा, सुनील जायसवाल, अभिषेक गुप्ता, स्वयं बहुगुणा,नब्बू भाई, नीरज रावत ने सहयोग किया।

## रानीखेत में दुर्गा पूजा महोत्सव में भक्तिमय माहौल

अल्मोड़ा। रानीखेत में शारदीय नवरात्र के अवसर पर मां दुर्गा पूजा महोत्सव का शुभारंभ श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। नगर के बैंक बिल्डिंग, मालरोड, खनिया और गांधी चौक क्षेत्र में भव्य पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा सुबह शुभ मुहूर्त में विधि-विधानपूर्वक संपन्न की गई। पूजा-अर्चना के दौरान पुरोहितों ने यजमानों के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां दुर्गा का आह्वान किया। इस दौरान विजय पांडे, मनीष तिवारी, शेखर चंद्र पंत, नवीन तिवारी और उमाशंकर पंत समेत कई पुरोहितों ने अलग-अलग स्थानों पर पूजा-अर्चना संपन्न करवाई। भव्य सजावट से सजे पंडालों और देवी प्रतिमाओं के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। आयोजन समितियों ने बताया कि पूरे नवरात्रि के दौरान यहां सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भजन संध्या, देवी जागरण और हवन यज्ञ शामिल होंगे।

## रेस्टोरेंट में शराब पीते पिलाते पांच धरे

नैनीताल । नगर के मल्लीताल क्षेत्र स्थित रेस्टोरेंट में शराब पार्टी करना कुछ युवकों व रेस्टोरेंट संचालक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने पांचों को हिरासत में लेने के बाद उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को एसएसआई दीपक बिष्ट पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर चैकिंग अभियान चला रहे थे। इस दौरान क्षेत्र स्थित पायल रेस्टोरेंट में हल्ला सुनाई दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर देखा तो कुछ युवक खुलेआम शराब पी रहे थे। पुलिस को देख युवक सकपका गए। पुलिस युवक व रेस्टोरेंट संचालक को कोतवाली ले आई। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने पिलाने पर रेस्टोरेंट संचालक देवेंद्र सिंह तथा मल्लीताल निवासी मनोज, संजय, ऋषभ व प्रदीप के खिलाफ पुलिस एकट के तहत चालानी कार्रवाई की गई है।

## श्री राम सेवक सभा में महिलाओं का किया गया विशेष सम्मान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा में मंगलवार को श्री नंदा देवी महोत्सव में विशेष सहयोग देने हेतु महिलाओं का विशेष सममान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं को श्री राम दरबार, रंगवाली पिछौड़ा तथा नंदा देवी का खजाना प्रसाद भेंट किया गया।

इससे पूर्व सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने सभी का स्वागत किया तथा कहा कि महोत्सव में नगरपालिका द्वारा विशेष सफ ाई अभियान तथा जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन तथा दानदाताओं तथा स्वयं सेवकों का विशेष योगदान रहा । मुखय अतिथि विधायक सरिता आर्या ने कहा कि महोत्सव की सफलता हम सब की सफलता है तथा मां नंदा सुनंदा का आशीर्वाद है । बैठक को नगरपालिका



अध्यक्ष डॉ सरस्वती खेतवाल तथा दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा ने भी संबोधित किया । इसके अलावा एसडीएम नवाजिश खलिक ने विजयादशमी 2अकटूबर तथा राम बारात 24 सितंबर को लेकर सभा भवन में अधिकारियों की बैठक ली । बैठक में तय हुआ कि मल्लीताल फलैट्स में रावण के पुतले दहन के साथ आतिशबाजी,रामलीला मंचन तथा श्री राम को समर्पित भजन संध्या होगी । एसडीएम ने सभी को सभी व्यस्था सुनिश्चित करने को कहा । बैठक में सभी अधिकारियों को श्री राम दरबार का चित्र भेंट किया गया । बैठक की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष मनोज साह व संचालन महासचिव जगदीश चंद्र बवाडी व सभा के वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य प्रो.ललित तिवारी ने किया। बैठक में सभा के पदाधिकारी व सदस्य व विभिन्न महकमों के अफसर मौजूद रहे।

## शारदीय नवरात्रि

# नवरात्रि के तीसरे दिन की जाती है मां चंद्रघंटा की पूजा



*नवरात्र का त्योहार भक्तों के लिए बेहद खास होता है। इस पर्व को 9 दिनों तक मनाया जाता है, जो मां दुर्गा और नौ रूपों को समर्पित है। उनमें पहला शैलपुत्री, दूसरा ब्रह्मचारिणी, तीसरा चंद्रघंटा, चौथा कूष्मांडा, पांचवां स्कंदमाता, छठा कात्यायनी, सातवां कालरात्रि, आठवां महागौरी और नौवां सिद्धिदात्री की पूजन की जाती है। शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की जाती है। माता को नकारात्मक ऊर्जा और बुरी नजर से बचाने वाली देवी माना जाता है। मां चंद्रघंटा की आराधना करने से वीरता, निर्भयता के साथ सौम्यता का प्रसार होता है।झमां दुर्गा का तीसरा रूप चंद्रघंटा का है। चंद्रघंटा अर्थात् जिनके मस्तक पर चंद्र के आकार का तिलक है। दस हाथों के साथ मां अलग-अलग अस्त्र-शस्त्र से सुशोभित हैं। इनका वाहन शेर है। राक्षस महिषासुर का वध देवी चंद्रघंटा ने किया था। मां चंद्रघंटा की पूजा के लिए सामग्री में गंगाजल, अक्षत, सिंदूर, कमल का फूल, फूलों की माला, इत्र, घी, मिट्टी का दीया, आरती के लिए थाली और मिठाई। मां चंद्रघंटा का पसंदीदा रंग भूरा है, तो इस रंग के कपड़े पहनना शुभ होता है। केसर की बनी खीर मां चंद्रघंटा की प्रिय मानी गई है। ऐसे में देवी को खीर का भोग लगाएं। इसके अलावा शहद का भोग लगा सकते हैं। मान्यता है कि मां चंद्रघंटा को शहद का भोग लगाने से घर में सुख-शांति की स्थापना होती है।*

### मां चंद्रघंटा की पूजा विधि

*नवरात्र के तीसरे दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें। मां चंद्रघंटा का ध्यान करें। पूजा स्थल को स्वच्छ करें। फिर मां को अक्षत और सिंदूर चढ़ाएं। इसके बाद भूरे रंग के वस्त्र और कमल का फूल अर्पित करें। फिर देवी के समक्ष शुद्ध घी का दीपक जलाएं और प्रार्थना मंत्र पिंडजप्रवरारूढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता। प्रसादं तनुते मह्मां, चंद्रघंटेति विश्रुता।। का जाप करें। फिर भोग लगाएं और आरती करें।*

## हाईकोर्ट ने दिए नैनीताल नगर पालिका को आदेश

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नगर पालिका परिषद नैनीताल की सेवानिवृत कर्मचारी के बकाए का भुगतान करने का निर्देश नगर पालिका परिषद नैनीताल को दिया है ।

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने नगर पालिका परिषद नैनीताल के एक सेवानिवृत कर्मचारी भगवती देवी की याचिका पर सुनवाई करते हुए महत्वपूर्ण आदेश जारी किया। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकल पीठ ने याचिकाकर्ता जो नगर पालिका में एक माली के रूप में कार्यरत थीं के सेवानिवृति लाभों का जल्द से जल्द भुगतान सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ता जो 30 नवंबर 2023 को सेवानिवृत हुई थीं ने अदालत से शिकायत की थी कि उन्हें अभी तक ग्रेच्युटी तथा अवकाश नकदीकरण और पेंशन का बकाया नहीं मिला है। उन्होंने इन राशियों के साथ 18 फीसदी प्रति वर्ष की दर से बयाज की भी मांग की थी। याचिका में नगर पालिका परिषद और राज्य सरकार को तुरंत इन बकायों का भुगतान करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान नगर पालिका परिषद के वकील ने स्वीकार किया कि वे याचिकाकर्ता के प्रति इन बकायों का भुगतान करने के लिए बाध्य हैं हालांकिए उन्होंने परिषद की वित्तीय कठिनाइयों का हवाला देते हुए भुगतान के लिए कुछ और समय की मांग की। अदालत ने इस स्वीकारोक्ति को ध्यान में रखते हुए मामले का निपटारा कर दिया और एक समयबद्ध योजना के तहत भुगतान का निर्देश दिया।उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि नगर पालिका परिषद को याचिकाकर्ता की ग्रेच्युटी का भुगतान दो महीने के भीतर करना होगा इसके अलावा अवकाश नकदीकरण और अन्य सभी सेवानिवृति के बकायों का भुगतान पांच महीने के भीतर सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को भी निर्देश दिया है कि वह नगर पालिका परिषद द्वारा अनुरोधित धन को कानून के अनुसार जल्द से जल्द जारी करने पर विचार करे ताकि ऐसे भुगतान में और देरी न हो।

News कॉर्नर

### छात्र संघ चुनाव के लिए हुई नामांक पत्रों की बिक्री

**नैनीताल ।** शहीद श्री खेमचंद डौबीं राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में छात्र संघ निर्वाचन हेतु मंगलवार को नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। इस दौरान प्राचार्य प्रो विनय कुमार विद्यालंकार ने संभावित प्रत्याशियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्राचार्य के अनुसार अध्यक्ष पद हेतु सुनील कुमार, उपाध्यक्ष (छात्रा) पद हेतु सुमन, सचिव पद हेतु नीरज कुमार तथा कोषाध्यक्ष पद हेतु हिमानी बिष्ट तथा विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद हेतु आरती एवं हिमानी भंडारी ने नामांकन प्रपत्र क्रय किए। उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव व संकाय प्रतिनिधि तथा सांस्कृतिक सचिव पद हेतु किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन प्रपत्र क्रय नहीं किया। नामांकन प्रपत्रों का विक्रय नामांकन समिति डॉ. ईप्सिता सिंह संयोजक डॉ. दीपक तथा डॉ. निर्मला द्वारा किया गया। उक्त प्रक्रिया में डॉ. तरुण कुमार आर्य छात्र संघ प्रभारी तथा डॉ. जयति दीक्षित सहित महाविद्यालय के समस्त कार्मिक एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन उपस्थित रहे।

### धरा को हरा भरा रखने हेतु किया पौधरोपण

**नैनीताल ।** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरु रानी द्वारा चलाया जा रहा राज्य में अनूठा पौधा रोपण अभियान मंगलवार को 434 वें दिन भी जारी रहा। अभियान के तहत डीडीहाट में जयश्री जया गुरुरानी ने अपने दादा स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में अपने आवास गुरुरानी भवनपरिसर में तारा दत्त गुरुरानी स्मृति पौध लगाया। जयश्री जयागुरु रानी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण जैसे महान कार्य के लिए सभी को आगे आना चाहिए। उनके दादा स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी प्रकृति प्रेमी रहे। उनके पिता दिनेश गुरुरानी पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण अभियान चला रहे हैं। वह उनके द्वारा चलाए गए अभियान में पौधा लगाकर सहयोग कर रही है।

# अराजकता कतई बर्दास्त नहीं की जायेगी, अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी

काशीपुर

हमारे संवाददाता



मोहल्ला अली खां में हुई घटना को गंभीरता से लेते हुए, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया एसपी काशीपुर कार्यालय में कानून व्यवस्था को लेकर बैठक की। बैठक में डीएम ने कहा कि अराजकता कतई बर्दास्त नही की जायेगी। अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होने सभी विभागीय अधिकारियों को क्षेत्र में सभी प्रकार की योजनाओं का सत्यापन करने का निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने मोहल्ला अली खाँ क्षेत्र का अधिकारियों के साथ मौका मुयायना किया। उन्होने मौके पर हटाये गये अतिक्रमणों का निरीक्षण करते हुए सभी नालियों की सफाई कराने के निर्देश नगर आयुक्त को दिये। साथ उन्होने सड़कों पर अतिक्रमण करने वालो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिये। विगत दिनों हुई घटना की विस्तृत जानकारी लेते हुए डीएम ने नालियों से अतिक्रमण हटाने व सफाई कराने, हाउस टैक्स, दुकानों के लाइसेंस जाँच के साथ ही क्षेत्र में रह रहे लोगों का सत्यापन करने, वोटर लिस्ट सत्यापन, विद्युत संयोजनों, पेयजल संयोजनो व राशन कार्डो का शतप्रतिशत सत्यापन करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होने मोहल्ला अली खाँ क्षेत्र में रात्रि गस्ती करने के निर्देश पुलिस को दिये। साथ ही एसडीओ विद्युत को विद्युत संयोजनो का सत्यापन करते हुए जिन लोगों के विद्युत बिल लम्बित है अथवा जिन घरो में विद्युत संयोजन नही है उनको नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होने पूर्ति अधिकारी को संघन अभियान चलाकर राशन कार्डो का सत्यापन करने के निर्देश दिये। जो लोग राशन कार्डो सत्यापन नही कराने उनके राशन कार्ड निरस्त करने के निर्देश भी दिये। क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक ने बताया कि विगत तीन दिन में 401 राशन कार्डो का सत्यापन किया गया। जिसमें से 83 राशन कार्ड अपात्र पाये गये, जिनके निरस्तीकरण की संस्तुति कर दी गयी है। नगर आयुक्त ने बताया कि मोहल्ला अली खाँ में लगभग 200 अतिक्रमण हटाये गये। एसडीओ विद्युत ने बताया कि विद्युत संयोजनो का सत्यापन किया जा रहा है, 13 विद्युत संयोजन विभिन्न कमियां पाये जाने पर काटे गये है। डीएम ने सभी से अफवाहों पर कतई ध्यान न देने व शान्ति व सौहार्द का परिचय देने की अपील की। उन्होने कहा कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लायी जायेगी।बैठक में एडीएम पंकज उपाध्याय, एसपी काशीपुर अभय सिंह, नगर आयुक्त रविन्द्र बिष्ट, एसडीएम अभय प्रताप सिंह, तहसीलदार पंकज चन्दोला, एसडीओ विद्युत महक मिश्रा, क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षण मलकीत सिंह आदि मौजूद थे।

# सुरक्षा गार्ड के डिलीवरी बॉय को थप्पड़ मारने पर बखेड़ा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



शहर की पॉश मेट्रोपोलिस कालोनी में सुरक्षा गार्ड के डिलीवरी बॉय को थप्पड़ मारने के बाद हंगामा खड़ा हो गया। बड़ी संख्या में कालोनी के मुख्य गेट पर एकत्र डिलीवरी बॉय ने नारेबाजी कर गेट पर स्कूटी व बाईक लगाकर आवाजाही रोक दी। इस दौरान उनकी सोसायटी पदाधिकारियों से नोंकझोंक भी हुई। करीब ढाई घंटे बाद सुरक्षा गार्ड के माफी मांगने के बाद मामला सुलट गया। मंगलवार को दोपहर को एक कंपनी का डिलीवरी बॉय जितेंद्र मेट्रोपोलिस सिटी में सामान डिलीवर कर वापस लौट रहा था। कालोनी के मुख्य गेट के पास बस से बचने की कोशिश में उसकी स्कूटी बेरिकेडिंग की रस्सी में उलझ गई और बेरिकेडिंग से वाहन लग गया। पीड़ित जितेंद्र का कहना है कि उसके माफी मांगने के बाद भी सुरक्षा गार्ड ने उसे थप्पड़ मार दिया और अभद्रता की। इसके बाद जितेंद्र के समर्थन में ऑनलाइन कंपनियों के डिलीवरी बॉय गेट पर पहुंचे और हंगामा करते हुए दोपहिया वाहन खड़े कर यातायात बंद कर दिया। सूचना पर पुलिस के साथ ही सोसायटी पदाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। डिलीवरी बॉय सुरक्षा गार्ड के माफी मांगने पर ही वाहन हटाने को लेकर अड़ गए और नारेबाजी की। सिडकुल चौकी पुलिस सुरक्षा गार्ड को अपने साथ ले गई। मामला तूल पकड़ता देख गेट को ऐहतियातन कालोनी की तरफ से भी बंद कर दिया गया। इधर डिलीवरी बॉय और सोसायटी पदाधिकारियों के बीच तीखी बहसबाजी हो गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे को देख लेने की धमकी तक दे डाली। डिलीवरी बॉय का आरोप था कि उनके साथ सुरक्षा गार्ड बदतमीजी करते हैं। उनको गेट पर काफी देर तक खड़ा किया जाता है।काफी देर तक चले हंगामे के बाद पुलिस के साथ आए सुरक्षा गार्ड ने गेट पर डिलीवरी बॉय से माफी मांगी। इससे पौने तीन घंटे तक ठप रही आवाजाही बहाल हो गई। सोसायटी अध्यक्ष देवेंद्र शाही ने बताया कि सुरक्षा गार्ड के माफी मांगने पर मामला खत्म हो गया। इधर चौकी प्रभारी सिडकुल सुरेंद्र सिंह का कहना था कि पीड़ित की ओर से तहरीर नहीं दी। सोसायटी वालों ने सूचना दी कि दोनों पक्षों के बीच मामला निपट गया।

# कोटद्वार के अधिवक्ताओं के आंदोलन को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का मिला समर्थन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की मंगलवार को हुई बैठक में कोटद्वार के परगना मजिस्ट्रेट की कार्यशैली व राजस्व वादों में अनियमितता के खिलाफ कोटद्वार के अधिवक्ताओं द्वारा किये जा रहे आंदोलन का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री से इस मामले का संज्ञान लेने की मांग की गई ।

बार सभागार में हुई इस बैठक की अध्यक्षता दुर्गा सिंह मेहता अध्यक्ष हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा की गयी। बैठक में कोटद्वार बार एसोसिएशन से प्राप्त शिकायती पत्र जिसमें एस0डी0एम0/ परगना मजिस्ट्रेट कोटद्वार की कार्यशैली और भ्रष्टाचार राजस्व वादों में घोर अनियमिताएं अनुचित लाभ लेकर भ्रष्टाचार करने के खिलाफ जारी आन्दोलन व इस संबंध में उच्च अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही न करने के संबंध में हाईकोर्ट बार को प्राप्त पत्र की जानकारी दी गई।

इस संबन्ध में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि गयी कि वर्तमान उपजिलाधिकारी तहसील कोटद्वार के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जाय। इस बैठक के बाद शोक सभा हुई जिसमें अधिवक्ता महेश चन्द्र भट्ट की माताजी के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की गयी।

शोक सभा में दुर्गा सिंह मेहता अध्यक्ष हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, वीरेन्द्र सिंह रावत सचिव, डॉ0 महेन्द्र सिंह पाल,त्रिलोचन पाण्डे, भुवनेश जोशी, के0के0 तिवारी, कुन्दन सिंह, राजेश शर्मा, अतुल भट्ट, अतुल बहुगुणा, भूपेन्द्र सिंह कोरंगा, एम0सी0 पंत, महेन्द्र सिंह, शंशाक उपाध्याय, निरंजन भट्ट, डी0के0 जोशी, बी0एस0रावत, राजीव पाठक, दीपा आर्या, संजय भट्ट, भूपेन्द्र प्रसाद तथा शिवानन्द भट्ट आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य सेवा पखवाड़े के तहत जिले के 207 चिकित्सा केंद्रों पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार की थीम पर बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

आयोजन
- शिविरों में करीब 23580 लाभार्थी लाभान्वित

स्वास्थ्य सेवा पखवाड़े के अंतर्गत जनपद के 207 चिकित्सा केंद्रों में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार की थीम पर बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में कुल 23580 लाभार्थी लाभान्वित हुए।

उक्त शिविरों में हाइपरटेंशन के 7118, मधुमेह के 7732, सर्वाइकल कैंसर के 77, ब्रेस्ट कैंसर के 77 तथा ओरल कैंसर के 4742 लाभार्थियों की जांच की गई। शिविरों में ई-रक्तकोष हेतु 929 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराने के साथ ही 84 रक्त दाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। कैंपों में 4278 गर्भवती महिलाओं द्वारा एएनसी चेकअप कराया गया। 2409 किशोरियों की माहवारी स्वच्छता संबंधी काउंसिलिंग की गई। 239 की पोषण संबंधी काउंसिलिंग की गई। 364 को एम सी पी कार्ड वितरित किए गए । 3799 लाभार्थियों की टीबी की जांच की गई तथा 41 निक्षय मित्रों का रजिस्ट्रेशन किया गया। 329 लाभार्थियों की आभा आई डी बनाई गई। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ केके अग्रवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर छिनकी, किच्छा में लगे कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविरों में दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए सभी को निर्देशित किया कि इस अवसर पर सभी लाभार्थियों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाएं ताकि सभी स्वस्थ रहे।



### सक्लैनी टाइगर्स ने 15 रन से जीता फाइनल मैच

**लालढांग।** क्षेत्र के नलोवाला में गुर्जर क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल सक्लैनी टाइगर्स और किंग्स इलेवन नलोवाला के बीच मुकाबला हुआ। फाइनल मैच सक्लैनी टाइगर्स ने 15 रन से जीता।

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा उत्तराखंड प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि वन गुर्जर समाज के युवाओं की ओर से खेल के क्षेत्र में अच्छा कार्य किया जा रहा है। युवा आगे बढ़ें, जिला, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर अपने समाज व क्षेत्र का नाम रोशन करें।

# डीएसबी में 10 पदों के लिए बिके 18 नामांकन पत्र

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में 27 सितंबर (शनिवार) को होने जा रहे छात्र संघ चुनाव के लिए मंगलवार को नामांकन पत्रों की बिक्री की गयी। इस दौरान अध्यक्ष व सचिव समेत 10 पदों के लिए 18 नामांकन पत्रों की बिक्री की गई।

इसके तहत अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी तनिष्क मेहरा तथा करन सती जबकि उपाध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष व विश्वविद्याल प्रतिनिधि के लिए दिनेश चंद्रा, आयुष आर्या, शिवेष कुमार व आशिष कबड़वाल ने नामांकन पत्र खरीदे। इसके साथ ही छात्रा उपाध्यक्ष के लिए तीन प्रत्याशी तनिषा जोशी, प्राची नेगी और पलक बिष्ट ने नामांकन पत्र खरीदे वहीं सांस्कृतिक सचिव के लिए दो प्रत्याशी भावेश विश्वकर्मा व सत्यम सिंह जबकि उपसचिव के लिए दो प्रत्याशी सशांक भंडारी व नितांत पंत व कला संकाय प्रतिनिधि के लिए दो, विज्ञान संकाय के लिए दो तथा वाणिज्य संकाय प्रतिनिधि के लिए एक नामांकन पत्रों की बिक्री की गई है। छात्र अधिष्ठाता कल्याण व चुनाव प्रो. संजय पंत व चुनाव अधिकारी अमित जोशी ने बताया कि मंगलवार को सुबह 11 बजे से लेकर शाम को 3 बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री की गई। जिसमें 18नामांकन पत्रों की बिक्री की गई। बुधवार (आज) को परिसर के जीबीपंत पुस्तकालय में नामांकन प्रक्रिया की जाएगी।

# बगवाड़ा गोलीकांड का खुलासा, एक नाबालिग समेत तीन गिरफ्तार,दो फरार

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता




कार्रवाई
- चैकिंग के दौरान ब्लाक रोड से दबोचा, यूपी भागने की फिराक में थे

बगवाड़ा गोलीकांड के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपीयों में एक नाबालिग समेत तीन को गिरफ्तार किया है। तीनों ब्लाक रोड पर चैकिंग के दौरान दबोचे। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद की। पुलिस जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है। जबकि फरार आरोपियों की तलाश कर रही।

सीओ सिटी प्रशांत कुमार ने बताया कि शनिवार रात बगवाड़ा में छात्रसंघ अध्यक्ष प्रत्याशी के चुनाव प्रचार कर रहे समर्थकों की बगवाड़ा भट्टा में रहने वाले राजेंद्र से विवाद हो गया था। जिसके बाद राजेंद्र को उन्होंने तमंचे से गोली मारकर घायल कर दिया था। इस मामले में घायल छात्र के पिता विनोद की तहरीर पर पुलिस ने कार सवार हिमांशु कश्यप उर्फ जस्सी, भदईपुरा निवासी रविकेश यादव, प्रीत विहार निवासी रवि दिवाकर और रम्पुरा निवासी अरुण गुप्ता समेत पांच पर जानलेवा हमले की प्राथमिकी पंजीकृत कर ली थी। तब से पुलिस उनकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही थी। सीओ सिटी ने बताया कि सूचना मिली कि फायरिंग की तीन आरोपी ब्लाक रोड पर है। जिस पर एसएसआइ नवीन बुधानी और बगवाड़ा चौकी प्रभारी सुरेंद्र रिंगवाल पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस चैकिंग करने लगी। तभी कार सवार पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दबोच लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार रवि दिवाकर, रविकेश उर्फ अभय यादव समेत एक नाबालिग शामिल हैं। उनके फरार साथी हिमांशु कश्यप उर्फ जस्सी और अरुण गुप्ता की तलाश में पुलिस लगी है। उन्होंने बताया कि अपराधिक तत्वों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस टीम में एसएसआई नवीन बुधानी रुद्रपुर, चौकी प्रभारी बगवाड़ा सुरेंद्र रिंगवाल,एसआई मोहन चंद्र जोशी,ललित मोहन,दिलीप कुमार आदि शामिल रहे।